## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोटपा एक्ट के तहत जिले में हुई 14 चलानी कार्यवाही

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ.आर.निराला के मार्गदर्शन पर जिले भर के विभिन्न स्थानों पर छापा मार कार्यवाही की गई। जिसमें विकासखंड बरमकेला में 7, बिलाईगढ़ में 5 एवं सारंगढ़ में 2, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के क्रय-विक्रय कर्ता एवं सार्वजनिक स्थल पर उपयोगकर्ता के ऊपर चालानी कार्यवाही की गई एवं इस मौके पर तंबाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव से बचने के लिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। ज्ञातव्य हो कि तंबाकू निषेध दिवस के दिन बड़ी संख्या में सार्वजनिक मंचों पर लोगों के द्वारा तंबाकू के सेवन नहीं करने एवं रोकथाम में अपनी योगदान देने की शपथ ली जाती है, परंतु अगले ही दिन से लोगों के द्वारा निष्क्रिय होकर स्वयं के द्वारा तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद के सेवन करते हुए देखा जाता है। ऐसे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.निराला ने समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को प्रतिमाह कोटपा एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही करते रहने के निर्देश दिए हैं।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 21 दिसम्बर को

**रायगढ़।** हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुर्नवास अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग और जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति एवं अनुभाग स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 21 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11.30 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की जाएगी।

### ऋण आवेदनों के निराकरण हेतु हितग्राहियों का साक्षात्कार 22 दिसम्बर को

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना वर्ष 2022-23 के अंतर्गत हितग्राहियों का ऋण आवेदनों के निराकरण हेतु साक्षात्कार जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति के समक्ष 22 दिसम्बर 2022 को दोपहर 12 बजे से स्थान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोचन नगर, रायगढ़ में लिया जाएगा। आवेदक साक्षात्कार हेतु नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### जूटमिल पुलिस की अवैध शराब रेड कार्यवाई में 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। अवैध शराब पर कार्यवाई के क्रम में कल 15 दिसंबर को चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम नेतनागर में शराब रेड कार्यवाई किया गया। पुलिस टीम ने नेतनागर के मौदा-भाठा जाने वाले रोड पर तालाब के पास नाकेबंदी कर पैदल झोला में शराब लेकर आते आरोपी अंदिप मिर्धा पिता अरिन्द्र मिर्धा उम्र 24 वर्ष सा0 मौदा भाठा नेतनागर चौकी जूटमिल को पकड़ा गया है जिसके कब्जे से प्लास्टिक डिब्बा में रखा हुआ 10 लीटर महुआ शराब, कीमत 1,000 रूपये का जप्त किया गया है। जूटमिल पुलिस आरोपी अंदिप मिर्धा पर धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, उप निरीक्षक आर.एस. नेताम, आरक्षक जितेन्द्र दुबे और सत्या यादव शामिल थे।

### राज्य सरकार के 4 साल पूरे होने पर आज मनाया जाएगा छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

**रायगढ़।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर 17 दिसम्बर 2022 को प्रदेश में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जाएगा। रायगढ़ जिले में भी छत्तीसगढ़ गौरव दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गौरव दिवस में जिले के सभी गौठान, प्राथमिक सहकारी समिति परिसर, धान खरीदी केंद्र, नगरीय निकाय के वार्ड, तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र और वनोपज प्रबंधन समिति के कार्यालय आदि में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन प्रात: 11 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का प्रसारण किया जाएगा। साथ ही शासन की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर गौठानों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में किसान, गौठान समिति के अध्यक्ष, सदस्य, पशुपालक, भूमिहीन मजदूर, जनप्रतिनिधि, स्थानीय निकायों के सदस्य, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य और स्थानीय निवासियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसी तरह वन क्षेत्रों में उक्त अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम सभी तेंदूपत्ता संग्रहण केन्द्र और वनोपज प्रबंधन समिति के कार्य स्थलों में आयोजित किए जाएंगे। यहां किसानों, मजदूरों आदि के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी उपस्थितों को दी जाएगी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने शालाओं का निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता व शाला रख-रखाव के दिए निर्देश

**❐ धान खरीदी केन्द्र एवं तहसील कार्यालय तमनार का किया आकस्मिक निरीक्षण**

**रायगढ़ ।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने विकासखंड रायगढ़ एवं तमनार के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। विदित हो कि विगत दिनों हुई शिक्षा स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि शिक्षा स्थाई समिति के रायगढ़ द्वारा शिक्षा गुणवत्ता व व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विकासखंडों के विद्यालयों का सघन आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। इसी तारतम्य में आज रायगढ़ एवं तमनार के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम हायर सेकेंडरी संबलपुरी विद्यालय प्रात: 9.45 बजे बंद पाया गया। इसी तरह हायर सेकेंडरी, बंगुरसिया में केवल सफाई कर्मी ही उपस्थित था। हायर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में निरीक्षण के दौरान उक्त विद्यालय के 05 शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए गए। माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पडिग़ॉव के निरीक्षण के दौरान बच्चों की कम उपस्थिति एवं मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता एवं कम भोजन पकाने के लिए महिला सदस्यों एवं शिक्षकों को कड़ी नाराजगी व्यक्त कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये।

शासकीय हाई स्कूल महलोई में निरीक्षण के दौरान परीक्षाएं संचालित तो हो रही थी किंतु अधिकांश शिक्षकों के उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर नहीं पाए गए। निरीक्षण दल द्वारा शाला के प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों को सर्वप्रथम उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने एवं शासन के उपस्थिति संबंधी नियम पालन करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला महलोई के निरीक्षण में प्रबंध समिति के सदस्यों एवं अधिकारी के नाम तथा शिक्षकों के नाम अंकित न करने पर टीम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। तमनार विकासखंड में निरीक्षण के दौरान टीम ने हायर सेकेंडरी गोढ़ी का भी निरीक्षण किया जहां उक्त विद्यालय सुचारू रूप से संचालित होता पाया गया। वहीं तमनार विकास खंड के कन्या आश्रम गोढ़ी के निरीक्षण के दौरान कन्या आश्रम गोढ़ी की अध्यापन व्यवस्था तथा अन्य रखरखाव को देखकर निरीक्षण टीम ने प्रशंसा की।



जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल एवं निरीक्षण टीम द्वारा तमनार विकासखंड के विद्यालय जोबरो का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय टीम ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय का निरीक्षण कर शासन के द्वारा किये गए प्रयासों का बेहतर परिणाम देने के निर्देश सेजस प्राचार्य को दिए एवं वहां की व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त किए। तमनार विकासखंड में निरीक्षण के दौरान विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षा गुणवत्ता, शाला रखरखाव व विद्यालयीन अनुशासन संबंधी दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय पर बंद पाए गए विद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों पर कड़ी कार्यवाही के भी निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने युवा केन्द्र में संचालित नि:शुल्क प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने जोबरो धान खरीदी केन्द्र, तहसील कार्यालय तमनार का भी निरीक्षण किया।

### समर्थन मूल्य पर हो रही कोदो, कुटकी एवं रागी की खरीदी

छ.ग.शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी एवं रागी क्रय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के वनधन योजना के तहत ग्राम/हॉट बाजार स्तर के महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा क्रय किया जा रहा है। शासन द्वारा खरीदी की तिथि 15 दिसम्बर 2022 से 15 फरवरी 2023 तक नियत की गई है। जिला यूनियन रायगढ़ को छ.ग.राज्य लघुवनोपज संघ रायपुर द्वारा 200 क्विंटल कोदो एवं रागी का 100 क्विंटल एवं जिला यूनियन धरमजयगढ़ को 100 क्विंटल कोदो एवं 1000 क्विंटल रागी खरीदी का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसमें कोदो का संग्रहण दर 30 रु. प्रति क्ंवि. एवं रागी 35.78 रु. प्रति क्ंवि.निर्धारित किया गया है। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला यूनियन रायगढ़/धरमजयगढ़ अन्तर्गत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संग्रहण की आवश्यक तैयारी प्रारंभ की गई है। 15 दिसम्बर 2022 को जिला यूनियन धरमजयगढ़ के अन्रतगत परिक्षेत्र छाल में रागी 4.36 क्विंटल, संग्राहक संख्या 03, परिक्षेत्र धरमजयगढ़ में कोदो 01 क्ंविटल संग्राहक संख्या 01 एवं रागी 3.23 क्विंटल संग्राहक संख्या 05, परिक्षेत्र बाकारुमा में रागी 0.83 क्ंविटल संग्राहक संख्या 01 एवं परिक्षेत्र लैलूंगा में 17.98 क्विंटल संग्राहक 04 तथा जिला यूनियन रायगढ़ अन्रतगत परिक्षेत्र तमनार में कोदो 2 किव., संग्राहक संख्या 01, रागी 1.95 किव., संग्राहक संख्या 01 एवं परिक्षेत्र रायगढ़ में रागी 4.00 क्ंवि., संग्राहक 03 के माध्यम से संग्रहण किया गया। जिसमें जिला यूनियन के प्रबंध संचालक, उप प्रबंध संचालक,प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक, पोषक अधिकारी एवं महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। उत्पादक कृषकों द्वारा प्रथम दिवस में कोदो एवं रागी का विक्रय कर शुभारंभ किया गया।

## रेल्वे लाइन के काम के लिए रखे लोहे के खंभों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**❐ आरोपी से 335 किलो वजनी 2 लोहे के खंभे और पिकअप वाहन जब्त**

**रायगढ़।** 15 दिसंबर को थाना छाल में न्यू मडर्न टेक्नोमेक प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के सुपरवाइजर हेमंत कुमार राउत (उम्र 57 वर्ष ) ने खरसिया से धरमजयगढ़ तक बनाये जा रहे रेलवे लाइन के काम के लिये ग्राम पुसल्दा स्कूल के पास बनाये गये यार्ड में रखे लोहे का डीए खंभा 2 नग जिसका वजन करीब 335 किलो व कीमत रु.40,000 को कोई अज्ञात 14-15 दिसंबर की रात चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, सुपरवाइजर के रिपोर्ट पर थाना छाल में अज्ञात आरोपी पर चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



माल मुल्जिम की पतासाजी दौरान थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया द्वारा अपने स्टाफ एवं लगाए मुखबिरों से चोरी के संबंध में जानकारी जुटाने निर्देशित किये। मुखबिर ने थाना प्रभारी को ग्राम पुसल्दा के मिलन दास महंत को घटना की रात्रि संदिग्ध रूप में घूमते देखना बताया। पुलिस टीम तत्काल मिलन दास महंत की पतासाजी कर उसे हिरासत में लेकर दिए चोरी के संबंध में पूछताछ किया गया जिसने खंभों की चोरी कर पिकअप में लोड कर घर में पिकअप समेत छिपाकर रखना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी किया हुआ 2 नग डी.ए. खंभा वजन 335 किलो, कीमत 40,000 रूपये एवं चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन सीजी 13 डी- 7061 को बरामद कर आरोपी मिलन दास महंत पिता मोती दास महंत उम्र 27 साल निवासी पुसल्दा थाना छाल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामले में अन्य आरोपियों के संलिप्तता के संबंध में जांच की जा रही है। आरोपी माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया एवं स्टाफ प्रधान आरक्षक दादू सिंह सिदार, आरक्षक हरेन्द्र पाल जगत, मुकेश पटनायक, गोविंद बनर्जी की अहम भूमिका रही है।

## भदरापाली और कुकराझरिया में महुआ शराब बनाने के दो ठिकानों पर खरसिया पुलिस की रेड कार्यवाई

**❐ 15 से अधिक शराब भट्टी के साथ करीब 350 बोरी महुआ लहान का मौके पर किया गया नष्टीकरण**

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन पर जिले के सभी थाना क्षेत्र पर अवैध शराब पर कार्यवाही को लेकर मुहिम चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत गुरुवार को प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक एवं खरसिया थाना प्रभारी सौरभ उईके के नेतृत्व में #खरसिया पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम भदरापाली और कुकराझरिया में औचक छापेमारी किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों गांव में कुछ ग्रामीण महुआ शराब बनाकर चोरी-छिपे सीमावर्ती जिलों में बिक्री कर रहे हैं।

प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उईके की अगुवाई में उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम एवं हमराह स्टाफ पहले ग्राम भदरापाली गांव के बाहर अवैध शराब भट्टी पर की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, पुलिस टीम पूरे इलाके की खोजबीन की, मौके पर कोई व्यक्ति नहीं था। पुलिस टीम ने मौके पर अवैध शराब बनाने के लिए बनाए गए 13 चूल्हा को तोड़कर ध्वस्त किया गया तथा बोरियों में रखे करीब 150 बोरी महुआ लहान को नष्ट किया गया।



वहीं पुलिस की टीम मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि ग्राम कुकराझरिया गांव के पीछे ग्रामीण बड़े स्तर पर व्यवस्थित तरीके से अवैध भट्टी पर महुआ शराब बनाया जा रहा है। पुलिस कार्यवाही के लिये कुछ ग्रामीणों को साथ लेकर घेराबंदी करने लगी जिसकी भनक लगते ही शराब बनाने वाले मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर वहां 6 शराब भट्टीयों को तोड़कर रखे हुए करीब 200 बोरी महुआ पास को नष्ट किया गया है। कार्यवाही पश्चात थाना प्रभारी खरसिया प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उईके ने दोनों ही गांव में मुनादी कराकर गांव वालों को महुआ शराब बनाने पर कार्यवाही की चेतावनी देकर समझाइश दिया गया है। साथ ही ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को गांव में किसी भी अवैधानिक कृत्यों की तत्काल सूचना थाना में देने की हिदायत दी गई है। दोनों ही गांव में शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी खरसिया प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उईके के साथ उपनिरीक्षक नंद किशोर गौतम, आरक्षक विशोप सिंह एवं सत्यनारायण सिदार की प्रमुख भूमिका रही है।

## ओड़िशा से गांजा लाकर क्षेत्र में खपाने वाले दो युवकों को जूटमिल पुलिस ने किया गिरफ्तार : आरोपियों से दो किलो गांजा जब्त

**❐ एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर भेजा गया रिमांड पर**

**रायगढ़।** शहर के कुछ इलाकों में अवैध रूप से गांजा पुड़िया बिक्री की शिकायत पर एसपी अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। जिले में सीमावर्ती राज्य से अवैध गांजे की तस्करी पर निगरानी के मुख्य चेक पोस्ट के अलावा अंदरूनी मार्गों पर पुलिस मुखबिर लगाकर एवं सतत पेट्रोलिंग कर निगाह रख रही है। वहीं एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर शहर में गांजे की अवैध बिक्री करने वालों पर मुखबिर लगाकर पुलिस सूचनाएं एकत्र कर रही है।



इसी क्रम में कल 15 दिसंबर के सुबह साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल को मुखबिर से सूचना मिला की एक मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति उड़ीसा से गांजा लेकर शहर की ओर आ रहे हैं। चौकी प्रभारी कमल किशोर पटेल अपने स्टाफ की अलग-अलग टीमें बनाकर शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों में तैनात कर स्वयं एक टीम के साथ नाकेबंदी के लिये रवाना हुए। पुलिस टीम ने मुखबीर के बताए हुलिए अनुसार मोटरसाइकिल पर आ रहे दो व्यक्तियों को अमापाली मेन रोड के पास दोपहर करीब 15:30 बजे रोका गया, पूछताछ में में दोनों अपना नाम-(1) मनोरंजन दास उर्फ गुड्डु पिता स्वर्गीय मुकुद दास उम्र 33 वर्ष सा0 कोडपल्ला थाना अम्बाभौना जिला बरगढ़ उडिसा (2) हीरालाल कुर्रे पिता अमर सिंह कुर्रे उम्र 25 वर्ष साकिन रायकोना थाना सरसिवा जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.) के रहने वाले बताए जिनको कार्यवाही की जानकारी देकर उनका विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी में आरोपियों के पास रखे थैला के अंदर 2 पैकेट खाकी रंग के प्लास्टिक टेप से लिपटा हुआ संदेहास्पद पदार्थ मिला जिसे गवाहों के समक्ष चेक करने पर गांजा का होना पाया गया। आरोपियों से अवैध गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। आरोपियों से दो पैकेट गांजा वजन 2 किलोग्राम गांजा कीमत रु.10,000 तथा गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सी.जी. जी.जी.-7631 कीमत रु.30,000 को जप्त कर आरोपियों पर धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गांजा रेड की कार्यवाही में पुलिस चौकी जूटमिल के प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, सहायक उपनिरीक्षक शशिदेव भोय, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी आरक्षक बनारसी सिदार और विनय तिवारी की अहम भूमिका रही है।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 : मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की हुई बैठक

**रायगढ़।** अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आज विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के संबंध में जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित हुई। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के दौरान 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक मतदाता सूची में नाम जोडऩे हेतु 36042 फार्म-6, मतदाता सूची से नाम विलोपन करने के लिए 22125 फार्म-7 तथा मतदाता सूची में संशोधन के लिए 6627 फार्म-8 प्राप्त हुए है। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 दिसम्बर 2022 तक निराकरण किया जाना है। पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त समस्त प्राप्त फार्म 6, 7 एवं 8 का निराकरण विधानसभावार शीघ्रता से किया जा रहा है। आयोग के निर्धारित तिथि तक फार्मो का निराकरण कर लिया जाएगा। दावा/आपत्तियों (फार्म 6, 7, 8) के निराकरण के पश्चात फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 गुरूवार को विधानसभा क्षेत्रवार सभी मतदात केन्द्रों में किया जाएगा तथा अंतिम प्रकाशित फोटोयुक्त मतदाता सूची की विधानसभावार एक-एक सेट जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त फोटोरहित मतदाता सूची की पीडीएफ सीडी भी सभी राजनैतिक दलों को प्रदान किया जाएगा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजेन्द्र पाण्डेय, बहुजन समाज पार्टी से इन्नोसेन्ट कुजूर, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे उपस्थित रहे।

# व्यापारी से ठगी करने वाले आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस ने कोलकता से किया गिरफ्तार

**❐ आरोपियों ने हार्डवेयर पाट्र्स विक्रय के नाम पर 2 लाख रुपए एडवांस लेकर नहीं की थी माल की डिलीवरी**

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर लंबित अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के क्रम में शहर के हार्डवेयर व्यवसायी से ठगी करने वाले आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा पिछले दिनों हावड़ा, कोलकाता से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया। आरोपी से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर अनुसांधन की सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर कल जे.एम. एफ.सी. रायगढ़ के न्यायालय में पेश कर 22 दिसबंर तक ज्युडिसियल रिमांड लिया गया है।



घटना के संबंध में दिनांक 22.03.2022 को थाना चक्रधरनगर में कसेरपारा, चक्रधरनगर में रखने वाले अनिल कुमार गर्ग आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपोजी इण्डस्ट्रीज कम्पनी सलकिया, हावड़ा, कोलकता द्वारा इंटरनेट पर कम्पनी के नट, राड, बोल्ट, क्लेम्प, टाइरड इत्यादि लोहे की वस्तुओं का निर्माण व विक्रय का कार्य करती है, दिखाया गया था जिसमें मोहम्मद मेहबूब अंसारी को प्रोडक्शन मैनेजर तथा सचिन बांदल को सेल्स मैनेजर के रूप में दर्शाया गया था, जिस पर विश्वास कर दिनांक 27/03/2021 को हावड़ा जाकर मेहबूब अंसारी से मुलाकात किया और अपने हार्डवेयर दुकान के आवश्यकता के रड और नट का सेंपल दिखाया। दोनों के बीच नट तथा टाई राड के मूल्यों का कोटेशन भेजने पर एडवांस रकम भेजने और 15 दिन के भीतर माल की डिलेवरी देना तय हुआ था। दिनांक 30/03/2021 को सेल्स मैनेजर सचिन बांदल के हस्ताक्षर का कोटेशन 5,56,900/- रूपये का मेहबूब अंसारी के माबाईल से भेजा जिसके बाद मेहबूब अंसारी अपना एकाउंट नम्बर वाट्सएप नम्बर कर 2 लाख रूपये एडवांस भेजने का मैसेज किया। जिस पर भरोसा करके दिनांक 30/03/2021 की RTGS के माध्यम से मेहबूब अंसारी के बताए एकाउन्ट नम्बर बैंक शाखा सलकिया हावड़ा में अपने एकाउन्ट नम्बर से 2 लाख रूपये भेजा पर सचिन बांदल और मेहबूब अंसारी कोई माल नहीं भेजे और ना ही कॉल करने पर कोई जवाब देते थे। रिपोर्टकर्ता के लिखित आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 420,34 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

अपराध अनुसंधान के क्रम में चक्रधरनगर पुलिस आरोपियों के निवास पते की जानकारी लेकर एसपी मीणा के निर्देशन पर थाना चक्रधरनगर से सहायक उप निरीक्षक डी.पी. भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम पश्चिम बंगाल भेजा गया। जहां पुलिस टीम हावड़ा के लिलुवा थानाक्षेत्र में मामले के एक आरोपी सचिन बांदल को हिरासत में लिया गया। आरोपी से धोखाधड़ी के संबंध में पूछताछ कर मेमोरेंडम बयान लिया गया।

पुलिस को दिये अपने मेमोरेंडम बयान पर आरोपी सचिन बांदल पिता रामचंद्र बांदल उम्र 33 वर्ष स्वयं को बिटावा (महाराष्ट्र) का मूल निवासी होना तथा वर्तमान में हावड़ा, पश्चिम बंगाल में जीएस बोस रोड पिकनिक गार्डन बेड़िया डांडा मस्जिद के अपार्टमेंट में रहना बताया। आरोपी बताया कि अपने साथी महबूब अंसारी के साथ दोनों पार्टनरशिप में नट बोल्ट प्रोजेक्ट का फैक्ट्री कोलकाता में खोले हैं जिसका ऑफिस बनारस रोड हावड़ा में है। दोनों पार्टनरशिप में आईसीआईसी बैंक सालखिया ब्रांच हावड़ा में बैंक खाता खुलवाएं हैं। दोनों नट बोल्ट प्रोजेक्ट का सप्लाई पूरा इंडिया में करते हैं। मार्च 2021 में रायगढ़, छत्तीसगढ़ के अनिल गर्ग से दोनों का मुलाकात हुआ था जिसको अपने फैक्ट्री के बारे में बताएं और फैक्ट्री में सचिन बांदल सेल्स मैनेजर और मोहम्मद अंसारी को प्रोडक्शन मैनेजर होना बताया थे। अनिल गर्ग फैक्ट्री से नट बोल्ट का लेना सौदा किया था जो दोनों अनिल गर्ग को नट बोल्ट और लोहे का सामान सप्लाई करने का वादा किए थे और अपने पार्टनरशिप वाले आईसीआईसी बैंक खाता में अनिल गर्ग से रु.2,00,000 जमा कराये थे। दोनों समय पर अनिल गर्ग को सप्लाई नहीं कर पाए और ना ही पैसा वापस कर पाए थे। अनिल गर्ग को रूपये वापस करने के नाम पर दोनों आईसीआईसी बैंक का रु.50,000-रु.50,000 का चेक दिये थे पर खाते में रूपये नहीं था। आरोपी सचिन बांदल से उसके साथी महबूब अंसारी के संबंध में जानकारी लेकर पुलिस टीम कई जगहों पर दबिश दी, आरोपी क्षेत्र से फरार है। गिरफ्तार आरोपी सचिन बांदल पिता रामचंद्र बांदल उम्र 33 निवासी बी-10 शनिवार पार्क सूर्या नगर थाना बेलापुर रोड बिटावा कृष्णा मंदिर पास महाराष्ट्र हाल मुकाम जीएस बोस रोड पिकनिक गार्डन बेड़िया डांडा मस्जिद थाना लिलुवा जिला हावड़ा पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. भारद्वाज, आरक्षक अभय यादव, श्याम साहू की प्रमुख भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480